# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**Eighth Convocation of CUH on 27 February,2022**

**News Paper: Dainik Jagran** **Date: 11-02-2022**

# हकेंविवि का आठवां दीक्षांत समारोह 27 को

## हकेंविवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दी जानकारी

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का आठवां दीक्षांत समारोह 27 फरवरी को आयोजित होने जा रहा है। कोरोना महामारी और सरकार के दिशा-निर्देशों के मद्देनजर इस बार दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में 1078 विद्यार्थियों और शोधार्थियों को पीएचडी, एमफिल, स्नातक और स्नातकोत्तर की डिग्री प्रदान की जाएंगी। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस बार दीक्षांत समारोह 27 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है।



प्रो. टंकेश्वर कुमार

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक ने बताया कि आठवें दीक्षांत समारोह में इस बार 19 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि, 14 को एमफिल और 1045 विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री प्रदान की जाएगी। जहां तक स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों की बात है तो आठवें दीक्षांत समारोह में 24 विद्यार्थियों- शोधार्थियों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। जहां तक छात्र-छात्राओं की बात है तो इस दीक्षांत समारोह में डिग्री पाने वाले कुल 1078 विद्यार्थियों और शोधार्थियों में 604 छात्र और 474 छात्राएं शामिल है। इसी तरह ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन के कुल 1045 विद्यार्थियों में 975 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। यूजी पाठ्यक्रमों के अंतर्गत बीटेक में 148 तथा बी वाक में 72 विद्यार्थियों को तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 825 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएंगी।

**24** विद्यार्थियों-शोधार्थियों को स्वर्ण पदक, 19 को पीएचडी, 14 को एमफिल और 1045 को विद्यार्थियों को मिलेगी स्नातक और स्नातकोत्तर की डिग्री मिलेगी



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय • सौ. प्रवक्ता

## शोध कार्य में आंकड़ों का बहुत महत्व होता है

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के सांख्यिकी विभाग द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत शोध में सांख्यिकी के महत्व पर केंद्रित विशेषज्ञ वेबिनार का आयोजन किया।

वेबिनार में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में आइआइटी, खड़गपुर के प्रो. सोमेश कुमार उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश के माध्यम से इस आयोजन को शोध के क्षेत्र में कार्यरत विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए आंकड़ों के मूल्यांकन के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि अवश्य ही वे इससे लाभांवित होंगे। विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत आयोजित इस वेबिनार के आरंभ में विश्वविद्यालय की कुलसचिव और आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल आफिसर प्रो. सारिका शर्मा ने इस अभियान के महत्व और इसके अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी। विशेषज्ञ वक्ता विशेषज्ञ प्रो. सोमेश कुमार ने शोध के लिए आंकड़ों के महत्व और उसके लिए आवश्यक मूल्यांकन की विभिन्न प्रक्रियाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से ही शोध कार्य में इच्छित लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। रिसर्च मैथोडोलाजी के स्तर पर बदलाव और विभिन्न सांख्यिकी तकनीकों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजक सांख्यिकी विभाग के प्रभारी डा. देवेंद्र कुमार रहे। अंत में आयोजन सचिव डा. कपिल कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस आयोजन प्रो. सुनील कुमार डा. रविंद्र सिंह ने भी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की।




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित वेबिनार को संबोधित करते वक्ता प्रो. सोमेश कुमार (बाएं और पहला बाक्स) • सौ. प्रवक्ता

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**News Paper: Haribhoomi** **Date: 11-02-2022**

## हकेंवि का आठवां दीक्षांत समारोह 27 को

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विवि का आठवां दीक्षांत समारोह रविवार 27 फरवरी को आयोजित होने जा रहा है। कोरोना महामारी व सरकार के दिशा-निर्देशों के मद्देनजर इस बार दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। विवि कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को पीएचडी, एमफिल, स्नातक व स्नातकोत्तर की डिग्री प्रदान की जाएंगी।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited ‘A’ Grade University

**Public Relations Office**

**News Paper: Panjab Kesari** **Date: 11-02-2022**

# हकेंवि का 8वां दीक्षांत समारोह 27 को

महेंद्रगढ़, 10 फरवरी (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का 8वां दीक्षांत समारोह 27 फरवरी को आयोजित होने जा रहा है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को पीएच.डी., एम.फिल., स्नातक व स्नातकोत्तर की डिग्री प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक ने बताया कि 8वें दीक्षांत समारोह में इस बार 19 शोधार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि, 14 को एम.फिल और 1045 विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री प्रदान की जाएगी।

जहां तक स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों की बात है तो 24 छात्र-छात्राओं को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। इस दीक्षांत समारोह में डिग्री पाने वाले कुल 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों में 604 छात्र और 474 छात्राएं शामिल है।

इसी तरह ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन के कुल 1045 विद्यार्थियों में 975 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। यू.जी. पाठ्यक्रमों के अंतर्गत बी.टैक. में 148 तथा बी.वॉक. में 72 तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 825 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**News Paper: Dainik Tribune** **Date: 11-02-2022**

# 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को मिलेंगी डिग्री

महेन्द्रगढ़, 10 फरवरी (निस)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) का आठवां दीक्षांत समारोह आगामी 27 फरवरी को आयोजित होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जायेंगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक ने बताया कि आठवें दीक्षांत समारोह में पिछले एक साल में उत्तीर्ण हुये कुल 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जायेंगी। उन्होंने बताया कि इस बार 19 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि, 14 को एमफिल और 1045 विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। समारोह में 24 छात्र-छात्राओं को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जायेंगे।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**News Paper: Amar Ujala** **Date: 11-02-2022**

# विश्वविद्यालय का आठवां दीक्षांत समारोह 27 को

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का आठवां दीक्षांत समारोह 27 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इस विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि दीक्षांत समारोह में 1078 विद्यार्थियों और शोधार्थियों को पीएचडी, एमफिल, स्नातक व स्नातकोत्तर की डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक ने बताया कि 8वें दीक्षांत समारोह में पिछले एक साल में उत्तीर्ण कुल 1078 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। प्रो. कौशिक के अनुसार इस बार 19 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि, 14 को एमफिल और 1045 विद्यार्थियों को स्नातक, परास्नातक की डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। दीक्षांत समारोह में 24 छात्र-छात्राओं को उनके



बेहतरीन प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। समारोह में डिग्री पाने वाले कुल 1078 विद्यार्थियों, शोधार्थियों में 604 छात्र और 474 छात्राएं शामिल हैं। इसी तरह स्नातक, स्नातकोत्तर के कुल 1045 विद्यार्थियों में से 975 ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। स्नातक पाठ्यक्रमों के तहत बीटेक में 148 तथा बीकाम में 72 विद्यार्थियों को तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 825 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी।